# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

20/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Navjoyti (Baran,Raj.)**

# रेपिड एक्सन फोर्स की बटालियन ने परिचय अभ्यास किया



न्यूज सर्विस/नवज्योति, सीसवाली।

केन्दीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार सी 83 बटालियन की एक प्लाटून को भानु प्रसाद मीणा सहायक कमाण्डो व सीसवाली पुलिसथानाधिकारी नरपतदान सिंह के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य मार्गो व अतिसवेंदनसील इलाको में घुमकर परिचय अभ्यास किया ताकी भविष्य मं जरूरत पडने पर तुरन्त कार्यवाही की जा सके। भानु प्रसाद मीणा सहायक कमाण्डो ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या साक्षर, निरिक्षर, सामुदायिक द्दष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायेगी ताकी भविष्य में किसी प्रकार की कोई प्राकृतिक आपदा या साम्प्रदायिक तनाव एंव दंगों की स्थिति निर्मित होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंन्त्रण किया जा सके। रेपिड एक्सन फोर्स के 70 जवानो ने परिचय अभ्यास किया।

Navjoyti (Pali,Raj.)

# सीआरपीएफ बल के जवानों का साइकिल दल पहुंचा पाली, किया स्वागत

- साइकिल यात्रा पर निकले जवानों ने बताया जीवन में जल
- स्वच्छता व भाईचारे का महत्व

नवज्योति/पाली।

जीवन में जल, स्वच्छता व भाईचारे का क्या महत्व है यह आमजन को समझाने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के रैपिड एक्शन फोर्स के लगभग 70 जवानों का दल देश भर की करीब 982 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकला है।

इस दल के शुक्रवार दोपहर को पाली पहुंचने पर अगवानी कर आदर सत्कार किया गया। जानकारी मुताबिक रोटरी क्लब में साइकल दल के पहुंचने पर क्लब के पदाधिकारियों व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।

इस दौरान सभी ने संकल्प भी लिया कि वे जल को बचाने, अपने आस-पास स्वच्छता रखने का प्रयास करेंगे तथा आपस में भाईचारा रखेंगे।



## 15 जुलाई को दल हुआ था रवाना

उन्होंने बताया कि गुजरात के साबरमती आश्रम से 15 जुलाई को सीआरपीएफ के रैपिड एक्शन फोर्स के 70 जवानों का दल साइकिल रैली के लिए रवाना हुआ। जिसमें 20 जवान साइकिल यात्रा पर चल रहे है। जिनमें पांच महिलाएं भी शामिल है। उन्होंने बताया कि गुजरात, राजस्थान के विभिन्न शहरों व गांवों में लोगों को स्वच्छता, जल संरक्षण व आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए 27 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया गेट पहुंचेंगे। जहां पर रैली का समापन होगा।

## सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स का मुख्य कार्य

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश में फैले वामपंथी उग्रवाद, आतंकी गतिविधियों से निपटारा, भीड़ को नियंत्रित करना, दंगों को नियंत्रित करना, हिंसक क्षेत्रों में चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाने में राज्य सरकार का सहयोग करना, अतिविशिष्ट व्यक्ति एवं अति संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तथा राज्य सरकारों की कानून व्यवस्था ना बिगड़ने देने में सहायता करता है। सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स का गठन 1991 में हुए दंगा तथा दंगे जैसी स्थिति से निपटने के लिए किया गया था। वर्तमान में रैपिड एक्शन फोर्स की देश में 15 बटालियन है।

## राजस्थान में स्वागत से अभिभूत हुआ दल

सन्देश को बांटने जवानों का साइकिल यात्रा पर निकलना उनके जीवन एक यादगार अनुभव जैसा है। यात्रा के दौरान जवानों का दल राजस्थान के कई गांवों में रुके लोगों ने काफी सत्कार किया। हमारी बातों को ध्यान लगाकर सुना तथा आश्वासन दिया कि वे जल बचाने, अपने आस-पास स्वच्छता रखने एवं आपसी भाईचारे से रहेंगे।

## साइकिल रैली का किया भव्य स्वागत

रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार यादव के मुताबिक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में साइकिल रैली आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य लोगों जल संरक्षण, स्वच्छता व आपसी भाईचारा का संदेश देकर उन्हें जागरूक करना है।

**Rajasthan Patrika (Ahmadabad,Guj.)**

# सीआरपीएफ की साइकिल यात्रा आबू रोड पहुंची

## ब्रह्माकुमारी के सदस्यों ने किया स्वागत




**अहमदाबाद.** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 81वें स्थापना दिवस पर 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल की ओर से निकाली गई साइकिल यात्रा ऊंझा से रवाना होने के बाद राजस्थान के आबू रोड स्थित शांतिवन पहुंची। जहां ब्रह्माकुमारी आश्रम समिति के पदाधिकारी और सदस्यों, सीआरपीएफ अकादमी के अधिकारियों और जवानों ने उनका स्वागत किया। स्वागत समारोह में करुणभाई, आशा दीदी, आत्मप्रकाशभाई, भरतभाई ने साइकिल रैली के प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

यह साइकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न गांवों और शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर कर 27 जुलाई को नई दिल्ली में इंडिया गेट पहुंचेगी, जहां साइकिल रैली का समापन होगा। महात्मा गांधी के जीवन के मुख्य उद्देश्यों स्वच्छता, जंल संभरण, शांति और सामाजिक सद्भाव के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए यह रैली निकाली गई। साइकिल रैली के प्रतिभागियों ने ब्रह्माकुमारी के सदस्यों के साथ-साथ गोलिया गांव, आबू रोड में पौधरोपण किया।

## Dainik Bhaskar (Pali,Raj.)

**साइकिल रैली** • सीआरपीएफ के 20 सदस्यों की साइकिल रैली पहुंची पाली, 13 दिनों में 900 किलोमीटर की यात्रा कर दिल्ली पहुंचेगी

# 20 सीआरपीएफ के जवानों ने साइकिल रैली के माध्यम से पाली पहुंच पौधरोपण व सफाई अभियान चलाकर दी नई सीख

भास्कर संवाददाता | पाली

प्रदूषण के चर्चित पाली को स्वच्छता की सीख सीआरपीएफ ने शुक्रवार को झाड़ू लगाकर, लाखोटिया तालाब में सफाई करके व पौधरोपण के माध्यम से भी सीख दी। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर गांधीनगर गुजरात से लेकर दिल्ली तक जा रही 20 सीआरपीएफ जवानों की साइकिल रैली ने पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा भी दी।

इस यात्रा में 15 पुरुष व 5 महिला साइकिल सवारों समेत कुल 72 जवान शामिल है। रैली का नेतृत्व कर रहे 100वीं वाहिनी के उप कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि यह साईकिल रैली 13 दिनों में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए कुल 982 किमी का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट नई दिल्ली पहुंच कर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सुराणा ने बताया कि सा' ल रैली पाली पहुंचने क्लब ३ भ अशोक कुमार लोढ़ा, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल गांधी, एसडीएम रोहिताशसिंह तोमर, डीवाईएसपी नारायणदान ने स्वागत किया।




पाली. साइकिल पर पाली पहुंचे सीआरपीएफ के जवान।

## Rajasthan Patrika (Pali,Raj.)

**जीवन में जल, स्वच्छता व भाईचारे का महत्व समझाने...**

# साइकिल यात्रा पर निकले जवान, महिलाएं भी शामिल

### पाली पहुंचा दल, उत्साह से किया स्वागत

पाली . जीवन में जल, स्वच्छता व भाईचारे का महत्व समझाने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के रैपिड एक्शन फोर्स के 70 जवानों का दल देशभर में 982 किलोमीटर लम्बी साइकिल यात्रा पर निकला है। यह दल शुक्रवार दोपहर को पाली पहुंचा। जवानों का रोटरी क्लब में माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेट मनोज कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में साइकिल रैली आयोजित निकाली जा रही है। लोगों को जल संरक्षण, स्वच्छता व आपसी भाईचारा का संदेश देने की मंशा से गुजरात के साबरमती आश्रम से 15 जुलाई को सीआरपीएफ के रैपिड एक्शन फोर्स के 70 जवानों का दल साइकिल रैली के रूप में रवाना हुआ। इसमें 20 जवान साइकिल यात्रा पर चल रहे हैं, जिनमें पांच महिलाएं भी शामिल है। उन्होंने बताया कि गुजरात, राजस्थान के विभिन्न शहरों व गांवों में लोगों को स्वच्छता, जल संरक्षण व आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए वे 27 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया गेट पहुंचेंगे।



### स्वागत से अभिभूत

रैली में सबसे अधिक उम्र के एएसआइ अमरसिंह (58) व सबसे छोटी उम्र की कांस्टेबल माया (25) ने बताया कि साइकिल यात्रा पर निकलना उनके जीवन के लिए एक नायाब अनुभव जैसा है। यात्रा के दौरान कई गांवों में रुके, जहां लोगों ने काफी सत्कार किया। वहां हमारी बातों को ध्यान लगाकर सुना।





### आरएएफ का कार्य

सीआरपीएफ की रेपिड एक्शन फोर्स का गठन 11 दिसम्बर 1991 में दंगा तथा दंगे जैसी स्थिति से निपटने के लिए किया गया था। वर्तमान में रेपिड एक्शन फोर्स (द्रुत कार्य बल) की देश में 15 बटालियन है। यह देश में फैले वामपंथी उग्रवाद, आतंकी गतिविधियों से निपटारा, दंगों को नियंत्रित करना, हिंसक क्षेत्रों में चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाने में राज्य सरकार का सहयोग करता है।

### जवानों का रोटरी क्लब में मारवाड़ी परम्परा से किया स्वागत

पाली . रोटरी क्लब में शुक्रवार दोपहर को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें सीआरपीएफ के रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसडीएम रोहिताश्वरसिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपालसिंह यादव, शहर वृत्ताधिकारी नारायणदान, रेपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के एमएल मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडर मनोज यादव ने साइकिल रैली निकालने के उद्देश्य से उपस्थित लोगों को अवगत करवाया।




एसडीएम तोमर ने रैपिड एक्शन फोर्स के कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को दिल्ली के इंडिया गेट पहुंच साइकिल रैली का समापन होगा। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष अशोक लोढ़ा, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल गांधी, चेनराज मेहता, धनराज कांठेड़, प्रवीण कोठारी, कांतिलाल हिंगड़, अर्जुनचंद मेहता, डॉ. आरसी दिनकर, महावीर मेहता, अमरचंद बोहरा, गौतमचंद कवाड़, आनंद सोलंकी, दिनेशचंद मेहता, विकास जैन, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## Dainik Jagran (Deoghar,JKD)

# ...र कांवरियों ने की पूजा

...। बढ़ती जा रही **कांवरियों की संख्या,** सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद



सिलीगुड़ी के कांवरिया को शुक्रवार को सहारा देकर बाहर निकालते जवान • जागरण



भुरभुरा मोड़ से पूरा परिवार बाबाधाम जाते कांवरिया

## Prabhat Khabar (Deoghar,JKD)



कांवरिया को सहारा देते रैफ व पुलिस जवान.



मैटल डिटेक्टर से हो रही चेकिंग.

Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD)

# महिला सैनिकों के लिए बॉडी प्रोटेक्टर लॉन्च



एजेंसी | नई दिल्ली

देश में पहली बार महिला सैनिकों के लिए बॉडी प्रोटेक्टर लॉन्च किया गया है। इससे उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान सुरक्षा में मदद मिलेगी। सीआरपीएफ की महिला सैनिकों के लिए बनाए गए इस प्रोटेक्टर को शुक्रवार को सीआरपीएफ के डीजी राजीव राय भटनागर और डीआरडीओ में लाइफ साइंस के डीजी ने लॉन्च किया। इससे उनकी महिला बटालियन की करीब 8,000 सैनिकों को फायदा मिलेगा।

The Telegraph (Jamshedpur,JKD)

ILL-FITTING GEAR TO BE REPLACED

# Gender-specific body armour for women

IMRAN AHMED SIDDIQUI

**New Delhi:** Women troops of central paramilitary forces will soon be able to slip into gender-specific full-body armour to protect themselves from missiles hurled by crowds.

The gender-specific gear is designed by the scientists of the Defence Institute of Physiology & Allied Science (Dipas), a laboratory under Defence Research and Development Organisation (DRDO).

Sources in the Union home ministry said the protective gear was tailor-made for women troops and designed keeping in mind the international standard. Earlier, women personnel had to make do with the same protective gear used by men.

The new gear is designed for protection on law-and-order assignments like managing riotous mobs or stone-pelters but it will not provide cover from bullets, officials said.

The body protector includes front and back shields, shoulder pads, side shields, arm guards and leg protectors.

The gear will be first provided to nearly 12,000 women personnel of the CRPF deployed in Jammu and Kashmir and other parts of the country to maintain law and order. Later, it will be given to women troops of other paramilitary forces.



A woman officer dressed in the gender-specific body protector

"The gender-specific protective gear is tailor-made for women troops and it will help them perform duty in a more efficient way. It is much lighter in comparison with the gear for men," CRPF DG Rajiv Bhatnagar said while unveiling the armour..

Women personnel of the CRPF are routinely deployed for riot control and various law and order duties. "They faced problems as they wore ill-fitting body armour used by men, which hindered their mobility during operations," a CRPF officer said.

In 2016, a national conference for women in police mooted the idea of gender-specific protective gear. The issue was later flagged in the Lok Sabha by the then MP, Anupriya Patel, while discussing the problems faced by women in police and armed forces.

kotak KOTAK MA
Corporate identity No. L
Registered Office: - 27 E
Regional Office- Apeeja
Notice is hereby given to the public in general
Authorised Officer of Kotak Mahindra Bank Ltd, t
sold on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS"
Creditor from Sanat Sen (Borrower), Sarbani
money deposit will be 10% of Bid amount, partic

| Name of the Borrower(s) | Demand Notice Date and Amount |
| --- | --- |
| 1. Sanat Sen (Borrower) 2. Sarbani Sen (Co-Borrower), 3. Ind- Expo (Co borrower) (Loan Account No.ILAP21383) | 05-10-2016 Rs. 90,79,714.78/- (Rupees Ninety Lakh Seventy Nine Thous Seven Hundred fourteen and Sevent Eight Paise Only) |

Date of Inspection of Immovable property
Last Date for Submission of Offers / EMD
The Borrower (s) / Mortgager(s) / Guarantor(s discharge the liability in full and pay the dues a which the Secured Asset will be sold as per the English and Vernacular newspaper, then in s copy, thus removing the ambiguity. If the bor stopped.
For detailed terms and conditions of the s auctions.html or contact the Authorised Office
Place: Kolkata Date : 20.07.2019

**Dharitri (Keonjhar,Odisha)**

# ଘଟଗାଁ ଥାନାରେ ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ



ଘଟଗାଁ ଥାନା ପରିସରରେ କେନ୍ଦ୍ରୀୟ ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ।

ଢେଙ୍କିକୋଟ, ୧୯।୭(ଡି.ଏନ୍.ଏ.)

କେନ୍ଦୁଝର ଜିଲା ଘଟଗାଁ ଥାନାରେ କେନ୍ଦ୍ରୀୟ ରାପିଡ଼ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ଶୁକ୍ରବାର ପୂର୍ବାହ୍ନରେ ପହଞ୍ଚି ଅଞ୍ଚଳବାସୀଙ୍କ ସମସ୍ୟା ନେଇ ଥାନା ଅଧିକାରୀ ତଥା ଆଇଆଇସି ବନ୍ଦନା ପାତ୍ରଙ୍କ ସହ ଦୀର୍ଘ ଏକଘଣ୍ଟା କାଳ ଆଲୋଚନା କରିଥିଲେ। ଘଟଗାଁ ଅଞ୍ଚଳରେ ଥିବା ବିଭିନ୍ନ ଗ୍ରାମରେକିଭଳି ଶାନ୍ତି, ସଦ୍‌ଭାବନା ବଜାୟ ରହିଛି ଏବଂ କ'ଣ ସବୁ ଅପରାଧ ଘଟୁଛି ସେସବୁ ପ୍ରସଙ୍ଗ ଆଲୋଚନାରେ ସ୍ଥାନ ପାଇଥିଲା।

ଏହି କେନ୍ଦ୍ରୀୟ ରାପିଡ଼ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ଏକ ସପ୍ତାହ ଲାଗି ଆଦିବାସୀ ଅଧ୍ୟୁଷିତ କେନ୍ଦୁଝର ଜିଲା ଗସ୍ତରେ ଆସି ଚମ୍ପୁଆ, ଝୁମ୍ପୁରା, ସଦର ରାଇସୁଆଁ ଟାଉନ ଥାନା ପରିଦର୍ଶନ କରିବା ପରେ ଶୁକ୍ରବାର ଘଟଗାଁ ଥାନାକୁ ଆସିଥିଲେ। ସେମାନେ କେନ୍ଦ୍ରୀୟ ସିଆରପିଏଫ୍ ୧୦୬ ବାଟାଲିୟନ(ଏ) କମ୍ପାନୀ ସୁନ୍ଦର ନଗର, ଯାମସେଦପୁର ଝାଡଖଣ୍ଡର ଫୋର୍ସ ବୋଲି ଜଣାପଡିଛି। କମାଣ୍ଡାଣ୍ଟ ରାଜେନ୍ଦ୍ର କୁମାର ଏବଂ ନିରୀକ୍ଷକ ମଳୟ କୁମାର ମୁଣ୍ଡଙ୍କ ତତ୍ତ୍ୱାବଧାନରେ ସେମାନେ ଏହି ଗସ୍ତକ୍ରମ ଜାରି ରଖିଛନ୍ତି। ଘଟଗାଁ ଥାନା ଅଧିକାରୀଙ୍କ ସହ ଆଲୋଚନା ପରେ ସେମାନେ ଅପରାହ୍ନରେ ଏଠାରୁ ଫେରିଯାଇଛନ୍ତି। ଯିବା ପୂର୍ବରୁ ଥାନା ଆଇଆଇସି ବନ୍ଦନା ପାତ୍ରଙ୍କ ଆତିଥ୍ୟରେ ସେମାନେ ଘଟଗାଁର ଆରାଧ୍ୟ ଦେବୀ ମା' ତାରିଣୀଙ୍କୁ ଦର୍ଶନ କରିଥିଲେ।

106bn RAF Pln.Conducted Fam-Ex duty at Keonjhar (Odisha)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**